प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को किया संबोधित : कहा– वैश्विक अस्थिरता के बीच सबसे तेज गति से बढ़ रही है भारत की अर्थव्यवस्था।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली के लाल किले पर फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज : स्वतंत्रता दिवस समारोह में किया जाएगा पहली बार वंदे मातरम् का सामूहिक गायन।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लखनऊ में मौन पदयात्रा में हुए शामिल : कहा– विभाजन की त्रासदी से सबक लेकर मजबूत भारत के निर्माण का लें संकल्प।
4. मुख्यमंत्री ने अयोध्या में कहा– श्रीराम जन्मभूमि मंदिर चढ़ावा मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए संकल्पित है सरकार।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि हम भारत के लोग, अपने सपनों को साकार करने के अवसरों का उपयोग कर सकें और भारत को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने की भावना से कार्य करें। इसी में स्वतंत्रता की सार्थकता है। उन्होंने कहा है कि वर्ष 2047 तक हम विकसित भारत के निर्माण के लिए आगे बढ़ रहे हैं अंत्योदय की भावना के साथ, हमारा संकल्प है कि विकास का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। बाइट......

*स्वाधीनता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। अंत्योदय की भावना के साथ हमारा संकल्प है कि विकास के लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। अपनी समृद्ध विरासत और स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों को अपनाते हुए हम आधुनिक विकास के मार्ग पर अग्रसर है। वयं राष्ट्र जागृयम। यह वेदवाक्य हमें प्रेरणा देता है कि हम राष्ट्र के लिए सदैव जागरूक रहें।*

राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक दशक से कुछ अधिक समय में हमारे देश ने तेज गति से समावेशी विकास किया है। उन्होंने कहा कि विरासत और विकास के समन्वय को प्राथमिकता दी गई है।

*पिछले एक दशक से कुछ अधिक समय में हमारे देश ने तेज गति से समावेशी विकास किया है। विरासत और विकास के समन्वय को प्राथमिकता दी है तथा विकास में बाधक दशकों पुराने अनेक अवरोधों को दूर किया है।*

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। इससे नए उद्यमों के लिए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। साथ ही नए रोजगारों का सृजन हो रहा है और निवेशकों का विश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व के अनेक क्षेत्रों में युद्ध और अस्थिरता का सभी देशों पर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसी परिस्थिति में भी, हमारे देश की अर्थव्यवस्था, सबसे तेज गति से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

*प्यारे देशवासियों, विश्व के अनेक क्षेत्रों में युद्ध एवं अस्थिरता का सभी देशों पर प्रभाव पड़ रहा है। ऐसी परिस्थिति में भी हमारे देश की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रही है। आर्थिक अनुमानों के अनुसार भारत की विकास दर विश्व की औसत विकास दर के तुलना में दोगुनी से अधिक रहेगी।*

राष्ट्रपति ने कहा कि देश की कुल आबादी में 65 प्रतिशत लोगों की आयु 35 वर्ष से कम है। यह युवा आबादी हमारी सबसे मूल्यवान संपदा है। हमारे देश के युवा टैलेंटेड, कमिटेड और

स्किल्ड हैं। सार्वजनिक परीक्षाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इन परीक्षाओं में सुधार के लिए व्यापक कदम उठा रही है।

*वद्यार्थी भारत के भविष्य निर्माता है। जिस तरह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सरकार और समाज का एकजुट रहना जरूरी है, उसी तरह विद्यार्थियों के वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी सभी के सम्मिलित प्रयास जरूरी है। सार्वजनिक परीक्षाएं विद्यार्थियों के लिए अवसरों के द्वार खोलती है। इसीलिए सरकार इन परीक्षाओं में सुधार के लिए व्यापक कदम उठा रही है। इन सुधारों का उद्देश्य है कि सार्वजनिक परीक्षाएं में अनुचित साधनों पर पूरी तरह से अंकुश लगे। परीक्षा प्रणाली और अधिक पारदर्शी तथा युवाओं के लिए सुरक्षित एवं भरोसेमंद हो।*

राष्ट्रपति ने कहा कि खेलकूद को युवाओं के विकास और राष्ट्र–निर्माण के माध्यम के रूप में अपनाया जा रहा है। खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक देश के सभी क्षेत्रों के लिए स्पोर्ट्स ईको सिस्टम उपलब्ध कराया जा रहा है।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि समारोह स्थल पर भारतीय वायु सेना के दो एमआई–17 हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा करेंगे। एक रिपोर्ट.....

*लाल किले मेंहोने वाले इस समारोह में, पहली बार वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रगान होगा। यह भव्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम' की 150 साल पुरानी गौरवशाली विरासत को याद करने, और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति की ऊर्जा, आकांक्षाओं और महत्वपूर्ण योगदान काउत्सव मनाने के लिए, आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में सेना, नौसेना और वायुसेना के करीब ढाई हजार कैडेट तथा माई भारत के स्वयंसेवक हिस्सा लेंगे। इस समारोह में, देश के अलग–अलग क्षेत्रों से करीब पांच हजार विशेष अतिथियों को भी लाल किले में आमंत्रित किया गया है। इनमें पीएम विश्वकर्मा योजना के कारीगर, पीएम मुद्रा योजना की महिला उद्यमी, पीएम स्वनिधि योजना के रेहड़ी–पटरी वालेऔर भारत टैक्सी के टैक्सी चालक शामिल हैं। दिल्ली पुलिस ने समारोह को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित मौन पदयात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने विभाजन त्रासदी पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने 1947 में देश के विभाजन की त्रासदी को मानवता के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत भारत तभी बनेगा, जब समाज एक पहचान के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान केवल एक भारतीय नागरिक की होनी चाहिए। बाइट.....*हमारी व्यक्तिगत पहचान हमारे नातेदारी रिश्तेदारी पारिवारिक संबंधों के लिए हो सकती है। लेकिन हमारी एक पहचान होनी चाहिए और वह एक भारतीय के रूप में भारत के कर्तव्यनिष्ठ नागरिक के रूप में यह हमारा एक सामूहिक दायित्व बनता है कि हम सब अपनी उस पहचान को बनाएं। उस पहचान के साथ हम आगे बढ़े अन्यथा आपस में हमारा यह विभाजन यह उन तत्वों को जो भारत को कमजोर करना चाहते हैं, उनको मजबूती प्रदान करते हैं।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या में महंत परमहंस रामचंद्र दासजी महाराज के पुण्य स्मृति महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का बदला हुआ अयोध्या धाम हमें फिर से त्रेता युग का स्मरण कराता है। श्री योगी ने चढ़ावा मामले पर कहा कि एसआईटी की जांच जारी है, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार कृत संकल्पित है।

*श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने इसके लिए सिफारिश की, एसआईटी बनी। एसआईटी के अनुसार कार्रवाई हुई, कार्रवाई चल भी रही है। भाई जो अपराधी था, उसके खिलाफ कार्रवाई*

*हुई है। दूध का दूध, पानी का पानी यह पहले दिन से कह रखा है और उसके अनुरूप इसमें कार्रवाई करने के लिए सरकार भी और तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट भी पूरी तरह कृतसंकल्पित है। इसमें कोई संदेह किसी को होना भी नहीं चाहिए।*

——————

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारत के रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय ने जनगणना—2027 के लिए परिवार अनुसूची से संबंधित प्रश्नावली अधिसूचित कर दी है। इसमें 40 सवाल हैं। इनमें माता—पिता का विवरण, आधार, मोबाइल नंबर, कुल बैंक खातों की संख्या, काम के स्थान तक आने—जाने का विवरण, धर्म और जाति से संबंधित सवाल हैं।

——————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ हिंदुत्व विचारक वी.डी. सावरकर पर उनकी टिप्पणी को लेकर शुरू की गई आपराधिक मानहानि की कार्यवाही रद्द कर दी। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अभियोजन आगे नहीं बढ़ सकता, क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार ने कार्यवाही आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक मंजूरी नहीं दी थी।

——————

राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जनपदों में रुक— रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।